



डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई–पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 287 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | बुधवार 31 जुलाई 2024 | मूल्य 2 रुपया

**आवश्यकता है**
दैनिक गुरु एक्सप्रेस
कार्यालय में ऑफिस बॉय की आवश्यकता है।
वेतन योग्यता अनुसार
संपर्क
संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक
कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस
9425105928. 8319964648

ऋण प्रकरण बनने पर जाना पड़ता हैं बैंक, यहां मंजूरी के लिए बेरोजगार घिस रहे चप्पलें...

## उद्योग विभाग, बैंक और दलालों के घेरे में उलझी लोन प्रक्रिया..!

### रोजगार का सपना रहता है अधूरा, लोन प्रकरण अधिक होने से बैंके भी करती है टालमटोल

**मंदसौर, 30 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। शहर सहित जिले में आबादी के साथ शिक्षित युवाओं की संख्या भी बढ़ती जा रही है। ऐसी स्थिति में डिग्री हासिल करने के बाद युवा खुद का रोजगार भी पाना चाहता है। अर्थव्यवस्था उसके पास नहीं होने से सरकारी लोन का सहारा लेना पड़ता है, लेकिन जब बेरोजगार युवा लोन दिलाने वाले उद्योग विभाग में जाता है तो वहां पहले प्रक्रिया पूर्ण करने में युवाओं की चप्पलें घिस जाती है, वहीं प्रकरण जैसे तैसे मंजूर होने के बाद बैंकों के रास्ते नापने में ही फिर से चप्पलें घिसते देखे जा सकते हैं। ऐसे में दलाल पनपने लगे हैं। कुल मिलाकर, उद्योग विभाग, कुछ बैंक और दलालों के घेरे लोन प्रक्रिया उलझती जा रही है।**

प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ने कई योजनाएं संचालित की है, लेकिन दलाल किस्म के लोग इसका बेजा फायदा उठा रहे हैं। जो लोन आसानी से मिल जाना चाहिए, उसमें चक्रव्यूह बनाकर बेरोजगारों को जूते-चप्पलें घीसने पर मजबूर किया जाता है। उद्योग विभाग से लेकर बैंकों तक यही हालत दिख रही है। बता दें कि उद्योग विभाग के ईर्द-गिर्द दलाल देखे जा सकते हैं, वहीं बैंकों के बाहर भी दलाल घुमते हैं। तर्क साफ है सब्सिडी के रुपए डकाने बिना काम नहीं होता है। इसमें यदि किसी को शुद्ध रूप से लोन मिल जाए तो वह खुदकिस्मत समझने लगा है।

**विधानसभा और लोकसभा चुनाव में गुजर गया आधा वर्ष**–रोजगार पाने के लिए लोन मंजूर कराने के सपने देख रहे युवाओं का पूर्व विधानसभा चुनाव में आचार संहिता फिर लोकसभा चुनाव में आचार संहिता लगने से आधा वर्ष तो वैसे ही गुजर गया। अब चुनाव समाप्ति होने पर उन्हें लगा है कि उनका लोन प्रकरण पास हो सकेगा। लेकिन, दलालों के चक्रव्यूह में वे फंसते जा रहे है। ब्याज माफी और अनुदान की राशि सामने दिखने पर कथित लोगों का यह स्थिति बनाने में योगदान रह रहा है।

**बैंक के बाहर दलाल की चहल-पहल**–बता दें कि कुछ बैंकों में बकायदा दलाल मंडराते रहे हैं। वे बैंक के अंदर तो नहीं लेकिन बाहर जरूर चहल पहल करते हैं। उनके सूत्र यह बता देते हैं कि कौन से व्यक्ति को लोन की जरूरत रहती है। यानी दलाली मिली तो लोन तुरंत और नहीं मिली तो चप्पलें घिसने पर मजबूर होना पड़ता है।

**उद्योग विभाग में हो चुकी है लोकायुक्त की दबिश**–कुछ वर्ष पूर्व उद्योग विभाग में लोन के एक प्रकरण में रिश्वत मांगने की दशा में लोकायुक्त पुलिस की दबिश हो चुकी है। लोकायुक्त के घेरे में एक सरकारी कर्मचारी को पकड़ा गया था। इसके बाद भी यहां का ढर्रा सुधरने का नाम नहीं ले रहा है। बेरोजगारों को योजना में लोन लेना है तो पहले उद्योग विभाग में आवेदन करता होता है। यहां प्रकरणों की लंबीफेहरिस्त होती है, जिसमें प्रकरण पास कराने में भी बेरोजगारों को काफी मशक्कतें झेलना पड़ रही है।

**नियम–कायदे का लादा जाता है बोझ**–लोन की फाईल जाने के बाद फिर से नियम-कायदे बताए जाते हैं, जो जरुरी भी है। लेकिन, इस बीच घुम रहे दलाल बेजा फायदा उठाकर बेरोजरों को झांसे में ले रहे हैं। इस तरह बेरोजगारों को मिलने वाली ब्याज अनुदान व सब्सिडी की रकम दलालों के मुंह का निवाला बन रही है। ठगा महसूस करने वाले बेरोजगार खुले रूप में सामने आने को तैयार नहीं हैं।

**रोजगार का अधूरा साकार हो रहा सपना**–उद्योगों से जोड़ने के लिए संचालित योजनाओं में कई बेरोजगार ऐसे भी हैं, जिन्हें घिस घिसकर लोन तो मिल जाता है, लेकिन एक बड़ी राशि भी दलाली में चली जाने से उनके सिर पर बेरोजगारी की तलवार लटकी रहती है। इस तरह रोजगार का अधूरा सपना साकार हो रहा है। बेरोजगारों को इस तरह ठगने वालों पर कार्रवाई और जिम्मेदारों की नजरें कब पड़ेगी, समझने वाली बात है।

### रोजगार कार्यालय के भी हाल बेहाल

रोजगार दिलाने के लिए शहर में रोजगार कार्यालय भी है। यह कार्यालय कहां है, अब कम लोगों को पता रहने लगा है। पूर्व में हरेक नौकरी पाने के लिए रोजगार कार्यालय में पंजीयन जरूरी रहता आया है। साथ ही लोन प्रकरण में भी यहां पंजीयन जरूरी बताया गया है। युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए बनाए गए इस विभाग के हाल भी बेहाल है। यह और बात है कि सरकारी कार्यक्रम के तहत जब–जब भी रोजगार शिविरें लगाए जाते हैं, तब–तब रोजगार विभाग की सक्रियता दिखती है। इन शिविरों में कितनों को रोजगार मिला और कितनें रोजगार से अभी तक जुड़े हुए हैं, इसमें भी उलझन बरकरार है। पूर्व में रोजगार कार्यालय से कॉल लेटर नौकरी के लिए आता था, लेकिन सार्वजनिक व आधुनिकता के बाद कॉल लेटर आने की यह प्रक्रिया करीब–करीब समाप्त हो चुकी है। ऐसे में रोजगार कार्यालय भी कागजी प्रक्रिया वाला विभाग बनकर रह गया है।

मामला दशरथ नगर स्थित बंगले पर हुई चोरी के घटनाक्रम का...

## बंगले की चोरी ट्रेस करना कोतवाली के लिए बना चुनौती...!

### उज्जैन, सांवेर घुम कर लौटे कोतवाली के होनहार, बदमाशों का सुराग जुटाने में नाकाम

**मंदसौर, 30 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** गत 14 जुलाई की सुबह दशरथ नंगर में बड़ी चोरी होने की सूचना कोतवाली के पास पहुंची थी, लेकिन इस चोरी की घटना को हुए 17 दिन बीत चुके हैं। कोतवाली के कारिन्दों के हाथ खाली के खाली ही हैं। यह और बात है कि कोतवाली के होनहार अपने तय बदमाशों की निगरानी कर रहे हैं, लेकिन ये निगरानी बंगले पर हुई चोरी के पतारसी के बाहर साबित हो रही है। कोतवाली के होनहारों की एक टीम उज्जैन और सांवेर तक घुमकर लौट चुकी है। उन्हें लगा था कि यहां से कुछ न कुछ हासिल हो सकेगा, लेकिन आपसी दोस्ता कर टीम मंदसौर पहुंच गई। बदमाशों का सुराग जुटाने में कोतवाली पुलिस नाकाम रही हैं। एक तरह से बंगले पर हुई चोरी को ट्रेस करने की गतिविधि कोतवाली के होनहारों के लिए चुनौती बनकर उभरी है।

दशरथ नगर में सराफा व्यापारी अभय पोरवाल के बंगले को बदमाशों की टीम ने चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए क्यों चुना, इस पर भी असमंजस बरकरार है। क्योंकि बदमाशों की टीम भारी भरकम तिजोरी को बंगले से उठाकर बाहर तक ले गई थी। यहां चोबी से तिजोरी खाली गई है। ऐसे में यह तो समझा जा सकता है कि चोरों ने रैकी की है। इसके बाद भी कोतवाली पुलिस सीसीटीवी केमरे की फूटेज में उलझी हुई है। केमरे खंगालने की बात दोहराई जाती रही है, लेकिन वास्तविकता में जांच में मेहनत कौन करें, यह बात सामने आने लगी है। कोतवाली के होनहारों ने बंगले के वर्तमान और पूर्व के नौकरों से भी पूछताछ की है, इसमें भी सुराग जुटाने में वे नाकाम रहे।

### पिपलिया टोल के केमरे की फूटेज देखना अभी तक बाकी...

बता दें कि बंगले पर चोरी के घटनाक्रम के संदर्भ में कोतवाली पुलिस ने रतलाम जाकर स्टेशन के केमरे जरूर खंगाले हैं, लेकिन पिपलिया टोल के केमरे की फूटेज देखना अभी तक बाकी है। ऐसे में बदमाशों को खोजने में कोतवाली के होनहार किस तरह से कार्यरत हैं, यह भी समझा जा सकता है।

### सबुत जुटाने सीएसपी और थाना प्रभारी पहुंचे, इसके बाद हाथ खाली...

मौके पर सबूत जुटाने के लिए सीएसपी व कोतवाली निरीक्षक ने जायजा लिया था। इसके बाद से ही हाथ खाली के खाली ही हैं। 17वें दिन तक 30 जुलाई को इस संदर्भ में कोतवाली के होनहारों को सुराग तक नहीं मिल सका है। ऐसे में चोर कैसे पकड़े जाएंगे, इस पर भी प्रश्नचिन्ह लगता जा रहा है। हालांकि, सायबर सेल की टीम इस संबंध में गुत्थी सुलझाने के लिए प्रयासरत थीं। लेकिन, लगने लगा है कि सायबर सेल के सारे प्रयासों में नाकामी रही है। माना जा रहा है कि इसमें तकनीकी दिमाग नहीं लग पाया है।

अफजलपुर थाने की कार्रवाई, डिगांव से ट्रक उठाकर थाने ले गए, वहां ली गई तलाशी...

## आयशर ट्रक ने उगला 12 क्विंटल 28 किलो डोडाचूरा, ड्राईवर पकड़ाया

### भीलवाड़ा के किसी इमरान के नाम है ट्रक, चार अगस्त तक रिमांड पर आरोपी

**मंदसौर, 30 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** अफजलपुर थाना पुलिस ने सोमवार दोपहर तीन से रात्रि 11 बजे तक डोडा चूरा तस्करी की कार्रवाई पूर्ण की। मुखबीर सूचना पर ट्रक का पीछा कर पकड़ा। ट्रक डिगांव चौराहे पर रोका और यहां पानी बरसने तथा सावन सोमवार के तहत श्रद्धालुओं की संख्या ज्यादा होने से छानबीन नहीं की गई। ट्रक को थाने लाया गया, और थाने में तलाशी ली तो ट्रक ने डोडा चूरा उगला। बिना नंबर के आशयर ट्रक में 59 काले रंग के कट्टे थे, जिसमें 12 क्विंटल 28 किलो 600 ग्राम डोडा चूरा तौला गया। मामले में पुलिस ने ट्रक



चालक को हिरासत में लिया है, जिसे आरोपी बनाकर 4 अगस्त तक रिमांड पर लिया गया है। रिमांड अवधि में पुलिस डोडा चूरा के खेप की खरीद–फरोख्त के संदर्भ में जांच–पड़ताल की गाड़ी आगे बढ़ाएगी।

अफजलपुर थाना पुलिस के अनुसार बिना नंबर का ट्रक आवागमन होने से शंका हुई और ट्रक को डिगांव चौराहे पर रोका गया। ट्रक चालक आरोपी रामदेव पिता प्यारचंद जटिया जाति बैरवा निवासी भवानी नगर भीलवाड़ा है, जिससे ट्रक के मालिक के संदर्भ में पूछताछ की गई, लेकिन वह कुछ बता नहीं पाया। ट्रक बिना नंबर का था, ऐसे में ट्रक के चेचिस नंबर आदि देखे गए, इससे पता चला है कि ट्रक भीलवाड़ा के किसी इमरान के नाम है। ट्रक में 59 कट्टे थे, जिसमें डोडा चूरा रहा। किसी कट्टे में 20 किलो तो किसी कट्टे में 21 किलो या इससे अधिक डोडा चूरा भरा गया था। सभी का तौल करने पर कुल वजन 12 क्विंटल 28 किलो 600 ग्राम पाया गया। बताते हैं कि आरोपी को ट्रक की कमान किसी मंदिर के समीप से दी गई थी। यानी यहां से ट्रक उसे गंतव्य तक ले जाना था। आरोपी ट्रक ड्राईवर को वैसे मंगलवार को कोर्ट में पेश कर 4 अगस्त तक रिमांड पर लिया गया है, जिससे पूछताछ जारी है। ट्रक में डोडा चूरा कहां और किसने भरवाया है तथा डोडा चूरा की खेप कहां पहुंचाना थी, इस संदर्भ में भी अफजलपुर पुलिस की छानबीन जारी है। पुलिस ने मामले में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

एसआई, एएसआई, आरक्षक और प्रधान आरक्षक इधर से उधर...

## पुलिस विभाग में कप्तान ने की सर्जरी, 69 के तबादले

**मंदसौर, 30 जुलाई गुरु एक्पप्रेस।** पुलिस कप्तान अनुराग सुजानिया ने पुलिस विभाग में सर्जरी की है। 69 पुलिस वालों को इधर से उधर किया है। जिसमें एसआई, एएसआई, प्रधान आरक्षक और आरक्षक शामिल है। जारी हुई सूची के अनुसार उप निरीक्षकों की बात करें तो जितेन्द्रसिंह चौहान थाना सीतामऊ से थाना गरोठ भारत कटारा थाना गरोठ से थाना सीतामऊ, नेहा जैन थाना कोतवाली से थाना नई आबादी थाना, सुधाकर राव पाटील थाना अफजलपुर से पुलिस लाईन, राजाराम वर्मा थाना नारायणगढ से थाना अफजलपुर, जगदीशचन्द्र हाडा थाना नाहरगढ से थाना नारायणगढ, राजूसिंह जाटव पुलिस लाईन से थाना शामगढ, संजय प्रतापसिंह थाना मल्हारगढ से थाना गरोठ, प्रेमसिंह रावत पुलिस लाईन से थाना सुवासरा, उमेश व्यास पुलिस लाईन से थाना पिपलियामंडी, मांगीलाल चौहान थाना सीतामऊ से थाना गरोठ भेजा गया है।

इसी तरह से एएसआई के स्थानांतरण में महेश शर्मा थाना यशोधर्मन नगर से थाना यातायात, लक्ष्मणसिंह डोडिया थाना यशोधर्मन से थाना सीतामऊ, विक्रम वास्कले थाना शामगढ से चौकी मुल्तानपुरा, करूणानिधि भदौरिया थाना नाहरगढ़ से थाना पिपलियामंडी, राजकुमार शुक्ला थाना गांधीसागर थाना भानपुरा, भगवतीप्रसाद शर्मा पुलिस लाईन से थाना कोतवाली, कन्हैयालाल जटिया थाना सुवासरा से पुलिस लाईन, दिग्विजयसिंह थाना मल्हारगढ से था कोतवाली, मोहनलाल खरे थाना कोतवाली थाना यातायात, तेजसिंह डामोर थाना सुवासरा से पुलिस लाईन, रामनारायण नागदा थाना पिपलियामंडी से थाना भानपुरा, सुमित यादव थाना सीतामऊ से चौकी भैसोदामंडी, नेपालसिंह शक्तावत थाना भावगढ से थाना दलौदा, ममशाद नूर पुलिस लाईन से थाना भानपुरा, जग्गनाथ गुर्जर थाना सुवासरा से थाना गरोठ, विनोद राठौर थाना यशोधर्मन नगर से थाना दलौदा, पूनम कर्णिक थाना गरोठ से चौकी मुल्तानपुरा, अशोक चौधरी पुलिस लाइन से थाना सुवासरा, धीरेन्द्रसौलंकी थाना पिपलियामंडी से थाना गरोठ, कमल थावलिया थाना यशोधर्मन नगर से थाना भानपुरा, नरेन्द्र धनगर पुलिस लाईन से थाना सीतामउ, बहादूरसिंह थाना गांधीसागर थाना गरोठ, कुलदीपसिंह थाना भावगढ़ से थाना नारायणगढ़, जितेन्द्रसिंह द्विवेदी पुलिस लाईन से चौकी .. शेष पेज 4 पर

तीन हजार लेकर तीन हजार और मांगी रिश्वत, एक ढाबे पर रिश्वत लेते गिरफ्तार...

## लोकायुक्त के चंगुल में फंसा रिश्वतखोर पंचायत सचिव

**[ गांव में जमीन के पट्टे दिलाने के लिए मांगे थे रुपए ]**

**मंदसौर, 30 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** महज तीन हजार रुपए के लिए भानपुरा के धुंआखेड़ी ग्राम पंचायत सचिव फूलचंद जजावरिया लोकायुक्त में उलझ गया। उज्जैन की टीम ने रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। आरोपी सचिव पर गांव में पट्टा बनाने के बदले फरियादी से 3 हजार घूस मांगने के आरोप थे।

प्रकरण अनुसार शिवराजसिंह पिता विजयसिंह निवासी कल्याणपुरा ने जमीन के पट्टे के लिए आवेदन किया



था। कई बार इसके लिए चक्कर ग्राम पंचायत के लगाए। ग्राम पंचायत सचिव फूलचंद जजवारिया से भी बात की। लेकिन लंबे समय तक सचिव मामले को टालता रहा। इसके बाद रिश्वत की मांग की। शिवराजसिंह ने इस संबंध में लोकायुक्त को शिकायत की। लोकायुक्त ने जांच पड़ताल की। इसके बाद योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई की। रिश्वत के तीन हजार रुपए देने के लिए सचिव ने भानपुरा के रॉयल ढाबे पर बुलाया। इधर लोकायुक्त ने तीन हजार रुपए के अपने नोट आवेदक को दिए। ढाबे पर जैसे ही तीन हजार रुपए सचिव ने लिए। लोकायुक्त ने आमद दी और आरोपी फूलचंद को रंगे हाथों पकड़ा। इस कार्रवाई में डीएसपी लोकायुक्त सुनील... शेष पेज 4 पर

सत्रह माह से कछुआ चाल से चल रहा काम, प्रोजेक्ट और होगा लेट...

## लेटलतीफी : बारिश में लगा शिवना शुद्धिकरण प्रोजेक्ट पर ब्रेक!

**मंदसौर, 30 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** शिवना शुद्ध करने के लिए अधिकारी जनप्रतिनिधि कितना गंभीर है, इस बात का पता शिवना शुद्धिकरण प्रोजेक्ट से लगाया जा सकता है। प्रोजेक्ट को शुरु हुए सत्रह माह बीत चुके हैं। लेकिन कछुआ गति से काम चल रहा है। अब बारिश में काम करीब चार से पांच माह बंद रहेगा। शिवना में जब तक पानी रहेगा, काम नहीं हो पाएगा। मतलब प्रोजेक्ट और ज्यादा लेट होना तय है। वर्तमान की स्थिति की बात करें तो अभी तक पाइप लाइन बिछाने के साथ नदी के किनारे बनने वाले घाट सहित कई कार्य अधूरे हैं। वर्तमान स्थिति को देखकर यह प्रोजेक्ट आगामी हेढ़ साल में भी पूरा होना मुश्किल दिख रहा है। इधर शिवना नदी में पानी आने के बाद 4 से 5 महीने काम बंद रहना तय है। हालांकि दावे जरुर किए जा रहे हैं कि जलस्तर कम होने पर काम चलता रहेगा।



**29 करोड़ खर्च करने वाला है प्रोजेक्ट**–राष्ट्रीय स्वच्छ की गंगा मिशन के अंतर्गत करीब 29 करोड़ रुपए की लागत से शिवना नदी के शुद्धिकरण का प्रोजेक्ट जारी है। इसके तहत 3690 मीटर पाइप लाइन डालने के साथ छोटी पुलिया के से हनुमान मंदिर तक घाट का परत निर्माण भी किया जाना है। साथ ही शहर के नालों का पानी नेचुरल स्लोप के जरिए मुक्तिधाम के समीप बनने वाले फिल्टर प्लांट तक पहुंचाया जाएगा। यहां से पानी को शुद्ध करके फिर नदी में छोडने की योजना है लेकिन अभी तक पाइप लाइन बिछाने सहित कई काम अधूरे पड़े हैं।

**शुरुआत से ही देरी से चल रहा प्रोजेक्ट**–प्रोजेक्ट के शुरुआत में पाइप की किल्लत के चलते काम प्रभावित हुआ। इसके बाद जमीन विवाद के कारण समय लगा। पिछले साल मानसून सीजन के बाद काम शुरू हुआ था कि करीब ढाई करोड़ के बिल पेंडिंग होने के चलते ठेकेदार ने काम रोक दिया था। इसके बाद करीब 3 महीने तक काम प्रभावित रहा। जैसे-तैसे काम शुरु हुआ तो घाट के समीप पाथ-वे बनाने के लिए ठेकेदार को मिट्टी नहीं मिली। अब बारिश के सीजन में शिवना में पानी आ चुका है। मतलब काम की गति प्रभावित होना तय है।

**2025 के बाद पूरा होने की संभावन**–मुक्तिधाम के समीप पुलिया के निर्माण को हटाने के साथ रेलवे पुल के नीचे काम करने के लिए रेलवे की अनुमति बाकी है। राशि जमा कराने के बाद यह कार्य रेलवे द्वारा ही किया जाएगा लेकिन अब तक राशि जमा नहीं हो पाई है। इसके अलावा नदी के समीप निजी फैक्टरी संचालक द्वारा भी भूमि को लेकर आपत्ति दर्ज करवाई जा रही है। इन सभी कार्यों में भी लंबा समय लग सकता है। फरवरी 2023 में शुरु हुए प्रोजेक्ट का समय 22 अप्रैल 2024 को पूरा हो चुका है। अब मई 2025 के बाद ही कार्य पूरा होने की संभावना है।

**फिल्टर प्लांट बनाने को लेकर भी संशय**–शिवना प्रोजेक्ट के तहत प्रस्तावित फिल्टर प्लांट और नगरपालिका के सीवरेज प्रोजेक्ट के अंतर्गत बनने वाले प्लांट की बजाय एक का निर्माण होने की चर्चा है। सवाल यह है कि यदि सीवरेज प्रोजेक्ट को शुरु होने में भी 4 साल लग गए, तब तक क्या शिवना प्रोजेक्ट अधूरा ही रहेगा। इन सबके बीच ठेकेदार ने भी प्लांट का निर्माण करने या नहीं करने को लेकर लिखित में मांगा है। अधिकारी अलग-अलग ही प्लांट बनने की बात कह रहे हैं।

## बढ़ते तापमान का असर : एक खरब टन का आइस बर्ग समुद्र में तैर रहा है, कई शहर भविष्य में डूब जाएंगे!

**उज्जैन/मंदसौर, 30 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जलवायु परिवर्तन के कारण वैश्विक स्तर पर मौसम में बदलाव नजर आ रहे हैं। अब तो बढ़ते तापमान का असर हर कहीं नजर आने लगा है। इसमें सबसे भयावह अंटार्कटिका के बर्फ समूह पर असर नजर आ रहा है। दुनिया भर के वैज्ञानिक और पर्यावरण विद् लगातार इस पर नजर बनाए हुए हैं। 1986 से इस बर्फ की दुनिया से एक हिस्सा बढ़ते तापमान के कारण टूटकर अलग हुआ था। यह टूटा हुआ हिस्सा चलते-चलते दक्षिणी समुद्र में जाकर अटक गया था। फिर तापमान के असर से अलग होकर अपनी यात्रा पर निकल चुका है। विश्व पर्यावरण और अंटार्कटिका पर नजर रखने वाले दुनिया भर के वैज्ञानिक समूह लगातार इस पर नजर रखे हुए हैं। समय-समय पर जारी रिसर्च अनुसार इस आइसबर्ग का आकार ग्रीनलैंड से 10 गुना बड़ा है। हजारों सालों से जमी अंटार्कटिका की बर्फ सामान्य गर्मी में कम पिघलती है। फिर इस तरह के आइस सेल टूटे तैरते बिखरते और जुड़ते रहते हैं। इस तरह से बर्फ की चादर 500 मीटर से अधिक मोटी 10 किलोमीटर चौड़ी तक हो सकती है। अ23र नाम वाला बर्फ के हिस्से का क्षेत्रफल 3800 वर्ग किलोमीटर है। चौकोर आकार में यह 300 मीटर मोटा है और इसका 90 प्रतिशत हिस्सा पानी के नीचे रहता है। इसे समुद्री हवा दक्षिण समुद्री धारा में गति दे रही है। यह टुकड़ा 1 से 2 किलोमीटर प्रति दिन की गति से बह रहा है। ऐसे बहते आइसबर्ग समुद्र के अंदर जीव जंतु वनस्पतियों के लिए पोषक खनिज परोसते रहते हैं। इन हिमखंडो पर वायुमंडल की धूल सोख कर आयरन में बदलती है। साथ ही ये वायुमंडल



चन्द्रमोहन भगत

कार्बन डाइऑक्साइड भी 30 प्रतिशत तक शोक लेते हैं जो समुद्र का को नुकसान भी पहुंचाते हैं। इनका पिघलना जलवायु परिवर्तन का संकेत है। अलास्का हिमालय ग्रीनलैंड के आसपास दुनिया भर में स्थित सभी बर्फ गल रही है। कहीं ज्यादा तो कहीं कम अंटार्कटिका की बर्फ का पिघलना मानव जाति के लिए गंभीर चिंता का विषय है। इनको पर्यावरण से गायब होने में सदियों का समय लग सकता हैं। इसका गलते रहना पर्यावरण का तापमान लगातार बड़ा रहा है। तापमान का बढ़ना सतत प्रक्रिया है। पर जिस तेजी से तापमान बढ़ रहा है दुनिया भर के बर्फ के पहाड़ों के पिघलने की गति है, यह मनुष्य जाति के लिए चेतावनी जैसा ही है।

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट अनुसार 2100 तक दुनिया के 80 प्रतिशत ग्लेशियर पिघल का सिकुड़ जाएंगे। एक अनुमान है कि 2035 तक 0.3 से 0.7 डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ जाएगा। समुद्री जलस्तर में 1880 से 8 से 9 इंच की वृद्धि हुई है। यही 2100 तक 8 फीट तक बढ़ने की संभावना है। अगर समुद्री जलस्तर बढ़ता है तो भारत के लगभग एक दर्जन भर शहर समुद्र में समा जाएंगे। पर्यावरण परीक्षण के लिए इन बर्फ के पहाड़ों में ड्रिल कर सैकडों मीटर नीचे की बर्फ पर शोध किया जाता रहा है। पर चार गुना तेजी से बढ़ रहे तापमान के कारण 25 मीटर की गहराई पर ही पानी का भंडार निकलने लगा है जबकि पहले परीक्षणों में 125 से 150 मीटर तक कठोर बर्फ निकला करती थी।

बिगड़ते वातावरण के कारण दुनिया भर के कई सैकड़ों वर्ष पुराने जलाशय सूख गए हैं। गर्मी के मौसम का समय लगातार अधिक होता जा रहा है। दूसरी तरफ असंतुलन के कारण कहीं बारिश अधिक होने लगी है तो कहीं सुखे की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। कई देशों में लगातार गर्मी के दिनों में जंगलों में आग लगने की घटनाओं में खासा इजाफा हुआ है। फ्रांस इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।

कुल मिलाकर मनुष्यों द्वारा ही प्रकृति को नुकसान पहुंचाया जा रहा है जिसके बदले में खुद मनुष्यों को ही नुकसान उठाना पड़ रहा है। जिस गति से पेड़ों और पहाड़ों की कटाई खनिज के लिए पृथ्वी की खुदाई नदियों प बड़े–बड़े बांध बनाना हथियारों की होड़ और इनका युद्ध में उपयोग पृथ्वी के वातावरण का तापमान तेजी से बढ़ा रहा है। इतना सब जो नुकसान पहुंच रहा है वह मनुष्य की आने वाली पीढ़ी को जिना दूभर कर देगा दुनिया भर के सभी वैज्ञानिक विद्वान राष्ट्रीय अध्यक्ष सभी जानते हैं, बावजूद इसके प्रतिस्पर्धा में तेजी आती जा रही है।

## जिले में अब तक 17 इंच औसत वर्षा दर्ज

**मंदसौर, 30 जुलाई गुरू एक्सप्रेस।** जिले में इस वर्ष अबतक औसतन 422.6मि.मी. वर्षा दर्ज की गयी है। जबकि पिछले 24 घन्टों में मंदसौर जिले में 209.6मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घन्टों में मंदसौर में 28मि.मी., सीतामऊ में 38.6मि.मी. सुवासरा में 24.0मि.मी., गरोठ में 16.4मि.मी., भानपुरा में 0मि.मी., मल्हारगढ़ मे 18मि.मी., धुधंड़का में 8मि.मी., शामगढ़ में 4.6मि.मी., संजीत में 5मि.मी., क्यामपुर में 53मि.मी. एवं भावगढ़ में 14 मि.मीवास्तविक वर्षा दर्ज की गई है।

विगत 1 जून से अबतक वर्षामापक केन्द्र मंदसौर में 290 मि.मी., सीतामऊ में 437 मि.मी. सुवासरा में 594.6 मि.मी., गरोठ में 433.7 मि.मी., भानपुरा में 359.6 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 225 मि.मी., धुधंड़का में 376 मि.मी., शामगढ़ में 673 मि.मी., संजीत में 371.0 मि.मी., क्यामपुर में 400.1 मि.मी. एवं भावगढ़ में 489वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। गांधीसागर बांध का जल स्तर अब तक 1297.05 फीट है।

## पाण्डेय म.प्र. पटवारी संघ के प्रदेश संगठन मंत्री बनाएं

**मंदसौर, 30 जुलाई गुरू एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश पटवारी संघ



भोपाल की प्रांतीय कार्यकारिणी घोषित हुई जिसमे पटवारीयो के हित के लिए सदैव बढ़ चढ़कर आगे आने वाले मंदसौर से विनोद कुमार पाण्डेय को प्रदेश संगठन मंत्री बनाया गया। ये नियुक्ति पटवारी संघ के प्रांताध्यक्ष उपेन्द्र सिंह बाघेल द्वारा की गई। श्री विनोद कुमार पाण्डेय पूर्व में पटवारी संघ मंदसौर जिला अध्यक्ष पद पर भी अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा चुके है । इनके जिला अध्यक्ष रहने के दौरान मंदसौर जिले में पटवारियों के हित की मांगों को पूरी ताकत के साथ उठाया गया। इनके संघ के प्रति कार्य को देखते हुए प्रांताध्यक्ष श्री उपेन्द्र सिंह बाघेल ने इन पर भरोसा जताते हुए इन्हें प्रदेश संगठन मंत्री की कमान सौंपी। श्री पाण्डेय की नियुक्ति पर इष्ट मित्रों ने इन्हे बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



## माहेश्वरी माध्यमिक विद्यालय का स्थापना दिवस मनाया

**मंदसौर, 30 जुलाई गुरू एक्सप्रेस।** माहेश्वरी माध्यमिक विद्यालय मंदसौर का 54वाँ स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ श्री कृष्णकुमार-सुनीता बाहेती पूर्व सभापति के मुख्य आतिथ्य एवं श्री सुरेश-सरोज सोमानी (अरुण मेडिकल) की अध्यक्षता व श्री सत्यनारायण-किरण माहेश्वरी के विशेष आतिथ्य में मनाया गया।

प्रारंभ में अतिथियों ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वागत गीत स्कूल की नन्ही मुन्नी बालिकाओं ने प्रस्तुत किया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत संघ के सदस्यों द्वारा किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में स्कूल के अनुशासन व यहां बच्चों को दी जा रही शिक्षा की सराहना की। इस अवसर पर नवगठित छात्र संगठन के पदाधिकारियों को अतिथियों ने शपथ भी दिलाई। सभी छात्र-छात्राओं को मिठाई बिस्कुट एवं टॉफी का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर माहेश्वरी समाज अध्यक्ष श्री महेश सोमानी, सचिव श्री गोपालदास पसारी, महिला मण्डल अध्यक्ष श्रीमति मंजू जाखेटीया, सचिव श्रीमती राखी मंडोवरा, पार्षद श्रीमति दिव्या अनूप माहेश्वरी, संघ अध्यक्ष श्री अरुण भदादा, श्याम मालू, विजय चौधरी, विजय पलोड, वासुदेव सोमानी, पत्रकार राहुल सोनी सहित अन्य समाज बंधु उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन स्कूल प्राचार्य श्री किशोर सोनी एवं रमेशचंद्र परवाल ने किया। अंत में आभार प्रकट संघ सचिव कृष्णकुमार जाखेटीया ने माना। उपरोक्त जानकारी प्रवक्ता राहुल सोनी ने दी।

# देश की दिशा तय करना और देश में अच्छे नागरिक तैयार करना शिक्षकों का गुरुतर दायित्व-कपूर

### मप्र शिक्षक संघ के प्रदेश कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक मंदसौर में सम्पन्न

**मंदसौर, 30 जुलाई गुरू एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ प्रदेश कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक पशुपतिनाथ विश्रांति गृह मन्दसौर में संपन्न हुई। बैठक अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री श्री महेंद्र कपूर, अतिरिक्त महामंत्री श्री संजय राउत्त, प्रदेश के प्रभारी श्री मोहन पुरोहित प्रदेश के संगठन मंत्री श्री हिम्मतसिंह जैन, प्रांताध्यक्ष श्री क्षत्रवीर सिंह राठौड, प्रांतीय महामंत्री श्री राकेश गुप्ता, प्रांतीय कोषाध्यक्ष श्री विनोद कुमार पुनी तथा प्रांतीय कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी, आयाम प्रमुख एवं सह प्रमुख



प्रदेश के समस्त जिलाध्यक्ष, जिला सचिव, सभी संभागीय अध्यक्ष व संभागीय सचिव की उपस्थिति में संपन्न हुई।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय संगठन मंत्री महेंद्र कपूर ने कहा कि आज हमारे देश में गुरु परंपरा धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही है। शिक्षक केवल पाठ्यक्रम तक सीमित हो रहे हैं। गुरु शिष्य परंपरा को कायम रखने के लिए हमारे विद्यालय में जो बच्चे आते हैं उन्हें सही दिशा प्रदान कर स्वस्थ एवं आदर्श नागरिक बनाने का कार्य एक गुरु ही करवा सकते हैं। देश की दिशा तय करना और देश में अच्छे नागरिक तैयार करना शिक्षकों का गुरुतर दायित्व हैं। हमारे समाज में गुरु को भगवान का दर्जा दिया गया है। आपने कहा कि भारत देश को 2045 तक विकसित भारत संकल्प बनाने का जो सपना देखा गया है। उसे केवल शिक्षक ही सफल करवा सकते हैं। जहाँ व्यवस्था है ,संस्कार है ,जीवन है। आपने कहा कि शिक्षक अंतिम क्षण तक शिक्षक बना रहता है वह कभी भूत पूर्व नहीं होता , शिक्षक का कार्य अभूतपूर्व होता है। छोटे-बड़े सभी को वह अपना परिवार मानता है। विदेशी संस्कृति के अपनाने से भारतीय संस्कृति का ह्रास हुआ है। वर्तमान समय में हमारे देश एवं संस्कृति पर प्रहार हो रहे हैं, परिवारों मे विघटन हो रहा है । यह सब केवल गुरु परंपरा को समाप्त करने के लिए हो रहे हैं। आज इन परंपरा को बचाना हमारे सामने बहुत बडी चुनौती है। इन चुनौतियों को स्वीकार करना होगा। हमें हमारे देश को सही दिशा प्रदान करने के लिए ऐसे छात्रों का निर्माण करना है ,जो देशभक्त होकर भारत की प्रगति के संवाहक हो सके । भारत को विश्व गुरु बना सके। समाज में परिवर्तन करने हेतु हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ इस विषय पर पूर्व प्रांत अध्यक्ष श्री लच्छी राम इंगले ने अपने विचार रखे । प्रदेश प्रभारी श्री मोहनपुरोहित ने संगठन में ही शक्ति है एवं पंच प सामाजिक समरसता, पर्यावरण ,कुटुंब प्रबोधन, स्व का संकल्प एवं नागरिक कर्तव्य पर विचार रखे। प्रांताध्यक्ष श्री क्षत्रवीर सिंह राठौड ने शिक्षकों की समस्याओं एवं समाधान की दिशा में किए गए कार्यों एंव वर्तमान समय में त्वरित समस्याएं आई थी उनका त्वरित समाधान कराया की विस्तृत चर्चा की गई । वर्ष 2023 - 24 के आय व्यय की सीए की ऑडिट रिपोर्ट प्रांतीय कोषाध्यक्ष विनोद कुमार पुनी ने प्रस्तुत की। दो दिवसीय आयोजन में प्रथम दिवस प्रांतीय पदाधिकारियो की बैठक दूसरे दिन चार सत्रों में बैठक सम्पन्न हुई। आभार प्रांतीय महामंत्री राकेश गुप्ता ने माना।

# शिशु मंदिर केशव नगर, अभिनन्दन नगर व सीतामऊ विद्यालय का मासिक आचार्य अभ्यास वर्ग संपन्न

**मंदसौर, 30 जुलाई गुरू एक्सप्रेस।** विद्या भारती मालवा की योजनानुसार सरस्वती शिशु मंदिर केशव नगर , अभिनन्दन नगर व सीतामऊ विद्यालय का माह जुलाई का मासिक आचार्य अभ्यास वर्ग संपन्न हुआ। वर्ग का शुभारंभ प्रात: योग शारीरिक, प्रात: स्मरण के साथ प्रारंभ हुआ। वर्ग के संवाद सत्र में मुख्य अतिथि शासकीय महाविद्यालय की प्राध्यापिका डॉ. विनीता कुलश्रेष्ठ, विशिष्ठ अतिथि विद्यालय संचालन समिति प्रो. राजेंद्र सिंह शिक्षण समिति के अध्यक्ष महोदय डॉ. रविंद्रकुमार जी सोहोनी एवं केशव नगर विद्यालय के प्राचार्य श्री संतोष जी यादव मंचासीन रहे, साथ ही विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राजपालसिंह जी सिसोदिया, अभिनन्दन विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मुकेश जी पाठक व सीतामऊविद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रोहित जी जैन एवं संकुलशरू विद्यालय के 70 आचार्य दीदी उपस्थित रहे।

सत्र में मुख्य अतिथि द्वारा बताया गया की शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान देना नहीं होता है, कर्म का निर्धारण करना साथ हि शिक्षित होकर केवल रोजगार पाना नहीं अपितु विश्व कल्याण का उद्देश्य होना चाहिए, राष्ट्र को परम वैभव पर लेजाने के लिए, अनुशासन व निस्वार्थ सेवा का भाव होना चाहिए। अतिथि परिचय केशव नगर के आचार्य घनश्याम राठौर व स्वागत विद्यालय की दीदी श्रीमती विद्या दोशी व भारतसिंह गुर्जर ने किया। अमृत वचन सुश्री निकिता गुप्ता व गीत श्रीमती कल्पना नागदा ने प्रस्तुत किया। अन्य सत्रों में, शिक्षण में ब्ब्ज् का प्रयोग कैसे करना तथा शिशु वाटिका, प्राथमिक माध्यमिक व उच्चत्तर माध्यमिक के आचार्य दीदी ने पाठ योजना की प्रस्तुति दी। अभ्यास वर्ग के समापन सत्र में मुख्य अतिथि मंदसौर विभाग के विभाग समन्वयक श्री राघवेन्द्र जी देराश्री जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ जिसमें आचार्य ने विभागश: अपने विषय की प्रयोगात्माक्त प्रस्तुति दी साथ ही माननीय विभाग समन्वयक जी ने आचार्य परिवार को मार्गदर्शन देते हुए बताया कि शिक्षण संस्कार की एक पद्धति है केवल पाठ्यक्रम पढाने से ही व्यक्ति का निर्माण नहीं होता पाठ्यक्रम के साथ शिक्षा में नवाचार प्रयोग, कौशल विकास होना आवश्यक है। संचालन विद्यालय की दीदी श्रीमती अंतिमबाला शर्मा ने किया एवं आभार विद्यालय के दीदी श्रीमती लज्ञा भटनागर ने व्यक्त किया। गरोठ में 30 जुलाई को अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्षद , एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा नगर परिषद कार्यालय के पीछे स्थित वाटर फ़िल्टर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया गया व समय-समय पर साफ-सफाई के निर्देश दिए गए साथ ही पानी का TDS , PH , Water Hardness, Water Alkalinity (क्षारीयता) की लेबोरेटरी में जांच की गई। इस अवसर पर श्री महेश मालवीय उपाध्यक्ष न. प. गरोठ,श्री उमराव सिंह चौहान मंडल अध्यक्ष, श्री सतीश गुजराती पार्षद, श्री अर्जुन बागरी पार्षद, श्री राजू मगर पार्षद, श्री रविन्द्र पूरी पार्षद प्रतिनिधि, श्री धर्मेंद्र शर्मा पार्षद प्रतिनिधि, श्री वीरेन्द्र कुमार मेहता मुख्य नगरपालिका अधिकारी न. प. गरोठ, श्री राहुल गणावा उपयंत्री नगर परिषद गरोठ एवं निकाय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## व्यक्तित्व विकास और सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण का समापन



**मंदसौर, 30 जुलाई गुरू एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस राजीव गांधी पीजी कॉलेज मंदसौर में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत चल रहे 13 दिवसीय अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण व्यक्तित्व विकास और सॉफ्ट स्किल का समापन मंगलवार को हुआ।

समापन के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ- बी.आर- नलवाया ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को किसी भी क्षेत्र में जाने के लिए सबसे पहली प्राथमिकता उनके व्यक्तित्व में सुधार लाने की होनी चाहिए, क्योंकि विद्यार्थी का व्यक्तित्व ही सर्वप्रथम उसकी सफलता की कुंजी होती हैं। साथ ही करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठकी जिला नोडल डॉ वीणा सिंह ने बताया कि व्यक्तित्व में सुधार लाने हेतु कई विधाओं में पारंगत होना चाहिए जैसे कि वाक कला पहनावा रिज्यूम बनाना इंटरव्यू किस तरीके से देना यह सभी चीजें हमारे व्यक्तित्व के विकास में मददगार होती हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रो सी पी आडवाणी ने किया एवम् आभार ट्रेनिंग एवम् प्लेसमेंट अधिकारी प्रो योगेश कुमार सैनी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## गांधी सागर अभयारण्य में चीता प्रोजेक्ट के लिए लगाए गए पिल्लर और बाड़े की जालियों का पहली बारिश में टूटना गंभीर मामला

### पूर्व विधायक सिसौदिया ने वन मंत्री रावत को पत्र लिखकर दूरभाष पर की चर्चा

**मंदसौर, 30 जुलाई गुरू एक्सप्रेस।** जिले के गांधी सागर वन



अभ्यारण्य क्षेत्र को चीता प्रोजेक्ट के अनुकूल बनाने के तहत निर्मित किए गए पिल्लर और बाडे की जालियां पहली बारिश में टूट गई है। इस विषय का संज्ञान मिलने पर पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह सिसोदिया ने वन मंत्री श्री रामनिवास रावत को पत्र लिखते हुए दूरभाष पर चर्चा की है।

श्री सिसोदिया ने पत्र में लिखा कि मंदसौर जिले के गांधी सागर वन अभ्यारण्य क्षेत्र को अनुकूलता के मापदंडों के अनुसार चीता प्रोजेक्ट के अंतर्गत चयनित किया गया है। विभाग ने इस प्रोजेक्ट को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा आपके निर्देशों के तहत प्रोजेक्ट पर कार्य किया है। दिनांक 27 जुलाई 2024 को पहली बारिश में निर्मित हुए बाडे की जालियां तथा पिल्लर क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जबकि भारत सरकार तथा राज्य सरकार करोड़ों रुपए की राशि इस प्रोजेक्ट पर खर्च करने जा रही है। कल्पना करें कि यदि बाडे में चीते होते और यह घटना जालियों के टूटने की हो जाती, तो जनहानि एवं नागरिकों के मन मस्तिष्क में डर एवं भय की स्थिति निर्मित हो सकती थी। श्री सिसोदिया ने पत्र में लिखा कि कल ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आपकी उपस्थिति में इस प्रोजेक्ट को लेकर मीडिया में वक्तव्य दिया था, शासन की मंशा स्पष्ट है कि यह प्रोजेक्ट जल्द ही मूर्त रूप लेगा। अत: आपसे अनुरोध है कि किए गए निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर कोई समझौता न हो तथा निर्माण कार्य के क्षतिग्रस्त होने पर उसकी जांच किए जाने के आदेश प्रदान करें। ताकि भविष्य में कार्य की गुणवत्ता का ध्यान रखा जाकर जिम्मेदार अधिकारियों की जिम्मेदारी सुनिश्चित की जा सके।

## सैनिक स्कूल मंदसौर को मिली एनसीसी जूनियर डिवीजन की मान्यता



**मंदसौर, 30 जुलाई गुरू एक्सप्रेस।** सैनिक स्कूल मंदसौर को एनसीसी जूनियर डिवीजन की मान्यता प्राप्त हुई। जिसके अंतर्गत शारीरिक व लिखित परीक्षा के बाद 100 कैडेटस चुने जाएंगे और सत्र 2024-25 से एनसीसी की ट्रेनिंग लेंगे । सैनिक स्कूल मंदसौर के कैडेटस पूर्व में भी फील्ड क्राफ्ट, व ड्रिल ट्रेनिंग की शिक्षा अपने ट्रेनर्स के द्वारा ले रहे हैं। एनसीसी के मान्यता मिलने के बाद कैडेटस को एनसीसी की ट्रेनिंग भी कुशल प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा दी जाएगी। एनसीसी के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर श्री विजय पुरावत द्वारा भारतीय आदर्श शिक्षण समिति के सचिव श्री अशोक पारिख, प्रबंधक श्री सुनील शर्मा, सैनिक स्कूल मंदसौर की प्राचार्य डॉ सरोज प्रसाद को मान्यता के पत्र देते हुए इस गौरवान्वित करने वाले क्षण हेतु बधाई दी गई । इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार श्री क्षितिज पुरोहित भी उपस्थित रहे।

# स्थानीय निकाय, रहवासी क्षेत्रों में जलभराव की समस्या का तत्काल समाधान करें-जैन

### कलेक्टर ने जनसुनवाई में 104 आवेदकों की सुनी समस्याएं

**नीमच, 30 जुलाई गुरू एक्सप्रेस।** जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रहवासी बस्तियों में बारिश के जल भराव की समस्या का समाधान तत्काल किया जावे। जल की निकासी की व्यवस्था करें। यह निर्देश कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने सीएमओ नीमच एवं सभी जनपद सीईओ को जनसुनवाई में दिए।



कलेक्टर श्री जैन ने कहा कि बारिश के पानी की निकासी की ग्राम पंचायते व नगरीय निकाय पुख्ता व्यवस्था करें। जिससे कि रहवासियों को कोई असुविधा ना हो। गणपति नगर वार्ड नम्बर 8 नीमच के रहवासियों ने कलेक्टर को जनसुनवाई में जल भराव की समस्या से निजात दिलवाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर कलेक्टर ने सीएमओ नीमच को उक्त निर्देश दिए। जनसुनवाई में कलेक्टर श्री दिनेश जैन, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद एवं एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़ ने ग्रामीणों की समस्या सुनते हुए उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में 104 आवेदकों ने अपने आवेदन प्रस्तुत कर अपनी समस्याएं सुनाई।

मनासा क्षेत्र के गांव टामोटी की अमरी बाई भील ने स्वयं के उपचार के लिए और मकान बनाने के लिए आर्थिक सहायता दिलाने का अनुरोध किया। रिसाला मस्जिद नीमच निवासी रजिया कुरैशी के विधवा पेंशन स्वीकृत करने संबंधी आवेदन पर कलेक्टर ने उप संचालक सामाजिक न्याय को नियमानुसार आवेदन प्राप्सस कर पेंशन स्वीकृत करने के निर्देश दिए। बरूखेडा के मदनलाल नायक ने अपनी कृषि भूमि अवैध रूप से कर कूटरचित दस्तोवेज तैयार कर धोखाधडी करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने का आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर कलेक्टर ने शिकायत शाखा को जांच कर कार्यवाही के लिए पुलिस को पत्र लिखने के निर्देश दिए। कनावटी के महावीर राठौर ने शासकीय भूमि पर बिना अनुमति अवैध निर्माण करने, तथा पूर्व सरपंच व्दारा पद का दुरूपयोग कर शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा करने संबंधी आवेदन पर कलेक्टर ने नीमच जनपद सीईओ को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में भंवरासा के कृष्णपालसिह सोधिया, रतनगढ के सत्यनारायण, नीमच के मोहम्मद शरीफ, झांतला के पन्नालालाल, रामपुरा के गोवर्धन लाल जैन, जावद की आशा, बांगरेड के सुभाषचंद्र, देवीलाल, दिनेश, जगदीश, बमोरी के बाबुलाल, सेमार्डा की कमलाबाई, भमेसर की नर्मदाबाई, दुलाखेडा की मंजुबाई, नीमच केंट के बाबुलाल, श्रीमती रानीदेवी, नीमच के हरिशंकर,डीकने के हरिओम, पिपलियाव्यास की सुमित्राबाई, मनासा के भरत अरोरा, खजूरिया के रामचंद्र, किशन, नीमच की हुसेना बी आदि ने भी अपनी समस्याओं से संबंधी आवेदन प्रस्तुत किए।

## जिला जल स्वच्छता मिशन की बैठक आज

**नीमच 30 जुलाई गुरू एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन अन्तर्गत जिला जल एवं स्वाच्छता मिशन (डी.डब्लू.एस.एम.) की बैठक आज 31 जुलाई 2024 को दोपहर 3.30 बजे कलेक्टोरेट सभागृह नीमच में आयोजित की गई है। बैठक में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत अब तक निष्पादित कार्यो, वर्तमान में प्रगतिरत कार्यो एवं भविष्य में किये जाने वाले कार्यो की विस्तृतत समीक्षा की जावेगी। लो.स्वा. या.वि.के कार्यपालन यंत्री श्री एस.सी.जलोनिया ने समिति के सदस्यों और अधिकारियों से बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## टीबी जागरूकता एवं उमंग स्कूल हेल्थ एवं वेलनेस कार्यशाला सम्पन्न

**नगरी, 30 जुलाई गुरू एक्सप्रेस।** सीएम राइस शासकीय उच्तर माध्यमिक विद्यालय में टीबी जागरूकता एवं उन्मूलन तथा उमंग हेल्थ एवं वैलनेस के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मेडिकल ऑफिसर अभिषेक गहरवार,टीबी सुपरवाइजर विजय नागौरे, मनोचिकित्सक डॉ.ऋषिकेश त्रिवेदी,एमपीएचडब्लू जगदीश परमार अतिथि के रूप में उपस्थित रहें ।डॉ.त्रिवेदी ने उमंग हेल्थ एवं वैलनेस के अंतर्गत विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देते हुए विभिन्न मानसिक विकारों एवं उन्हें दूर करने के बारे में जानकारी दीं एसटीएस प्रभारी विजय नागौरे ने टीबी के होने के कारण ,



इसके लक्षण टीबी की रोकथाम एवं टीबी से सुरक्षा के उपाय बताएं ।अभिषेक गहरवार ने टीबी के बारे में जागरूकता जागरूक बनने के साथ मानसिक स्वास्थ्य एवं शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व को समझायों कार्यशाला में रोचक प्रश्नोत्तरी के माध्यम से विद्यार्थियों में टीबी उन्मूलन एवं शारीरिक स्वास्थ्य के बारे में छात्र छात्राओं को समझाया। एवं विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य श्रीमती रीता शर्मा, यशवंत कुमार धाकड़, अनिल सुथार, शंकर सिंह चौहान , कमलेश धाकड़, भंवरलाल सागित्रा, गोपाल धाकड़, मोहनलाल डोहरा, रिलीफ पछोलिया एवं छात्र छात्राओं की उपस्थित रही।

## दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**पिपलियामंडी, 30 जुलाई गुरू एक्सप्रेस।** मिनी ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। जानकारी के अनुसार जेतपुरा निवासी भंवरसिंह पिता रामसिंह राजपूत टीलाखेड़ा से गांधी चौराहे की ओर बाइक (एमपी 43 डीक्यू 9488) से जा रहे, इसी दौरान लवली चोराहे के यहां पीछे से आइशर (मिनी ट्रक) ने टक्कर मार दी, जिससे कंधे व कमर में चोंट आई। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर पर केस दर्ज किया।

दिनांक 31 जुलाई 2024

अपनी कुण्डली स्वयं देखे-

ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी के साथ

क्या आप जानते है..?



*जिस जातक की जन्मकुंडली के द्वितीय भाव में कर्क/वृश्चिक /मीन राशि मे राहु स्थित हो तथा क्रूर गृहो जैसे शनि/मंगल से युत या देखा जाता हो तो ऐसे अधिकतर जातको को नशे की लत लगने की संभावना रहती है।

जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर

7024667840,8085381720

# उम्मीदों का कत्ल मत कीजिए साहब...

**पत्र संपादक के नाम**

संपादक की सहमति आवश्यक नहीं

**मंदसौर, 30 जुलाई गुरू एक्सप्रेस।** जनता को जब आपकी यह निर्दयी व्यवस्था तंग करती हे तब वह जनसुनवाई नामक अदालत में हाजिर होती हे। एक उम्मीद जब चारो दिशाओ में सर पटक पटक कर टूट जाती हे तब वह आपके पहलू में पनाह पाती हे। जब उसका स्वर नक्कार खाने की तूती बन जाता हे तब वह अपनी दबी आवाज में जीवन की भीख मांगती हे। जब उसके लिए दूसरे दरवाजे बंद हो जाते हे तब वह आपके दरवाजे पर आती हे। जब उसकी दरख्वास्त को कुर्सियां फाड़कर फेंक देती हे तब वह अपने माथे पर अर्जियां लिखकर आपकी चोखट पर सजदा करती हे। उसे मत ठुकराइये साहब। उसकी उम्मीदो का कत्ल मत करिए कारण का निवारण कीजिए साहब। आश्वासन ही लेने होंगे तो उसे नेताओ के भंडारे में मिल जाएंगे आपसे तो उसे न्याय चाहिए साहब। त्वरित निराकरण के उद्देश्य से प्रारंभ की गई जनसुनवाई को औपचारिक मत बनाइए। जनसुनवाई में अफसरो के पास दूर दूर से आवेदन पंहुचते हे। शिकायत व समस्या अफसरो के सामने रखी जाती हे अफसर संबंधित विभाग के लिए टिप लगाकर उसे सौंप देते हे बाद में शिकायत का निराकरण हुआ या नही यह देखने की फुर्सत किसी को नही हे। उसकी हीनता और दीनता को गौर से देखिए तो जरा। जमाने से सताया और दर दर से भगाया उसका चेहरा पहचानिए तो सही। यह वही हे न जो पिछली बार आया था। पिछली से पिछली बार भी तो आया था। याद करेंगे तो उसके भी पिछली बार इसी तरह अर्जी लेकर खड़ा था आपके सामने। हर बार आपने उसे विश्वास दिलाया था की जल्दी ही तुम्हारा काम हो जाएगा। उस विश्वास को मत तोडिए साहब? कितनी छोटी छोटी तो समस्याएं हे छोटा सा घर हे और हजारो का बिल, जिस खेत पर काम करते करते पुरखे स्वर्ग सिधार गए उसका नामांतरण उसके नाम नही हो रहा हे, उसकी फसल को बाड़ ले गई, सुखा जला गया, पटवारी ने सर्वे में उसका नाम नही जोड़ा, पडोसी ने खेत का रास्ता रोक दिया हे, बिटिया के साथ बदमाशो ने छेड़छाड कर दी हे और पुलिस रपट नही लिख रही, तहसील जाते जाते चप्पल घिस गई लेकिन जाति का प्रमाण पत्र नही बन रहा। आप करना चाहो तो आपके लिए चूटकियो का काम हे और न करना चाहो तो कभी न समाप्त होने वाली रहस्यमय कहानी। एक बार आप अपनी इस व्यवस्था का एक्सरे करवाइए साहब। कई गंभीर बीमारियां पकड में आ जाएगी। इस बदन पर कई नासूर कई केंसर पलते हुए मिल जाएंगे। आपको दिख जाएगा की जिसे आप दवा समझ रहे हे वही दर्द हे। जिन्हे आपने बीमारी के खात्मे के लिए तैनात कर रखा हे वही बीमारी को पोषित कर रहे हे। जो फाईले जनता की पीड़ाओ को खुशियों में बदलने के लिए होनी चाहिए उनमें केद होकर मुस्कुराहटे आंसू बन रही हे। इतनी संवेदनाएं तो रखिए की वातानुकूलित कक्षो में लगी आपकी यह कुर्सियां तपती धूप में नंगे पांव चलती अपेक्षाओ को थोडी ठंडक दे पाएं। जनसुनवाई नामक इस न्याय व्यवस्था की पंचायत को केवल कर्मकांड मत बनाइए। मुश्किलो से परेशान व व्यवस्था से हारकर लोटन यात्रा या आत्महत्या करती बिलबिलाती जनता के कारण को निवारण में बदलिए...



-गौरव सोनी, मंदसौर

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 20 | 2421 | 2551 |
| उडद | 1 | 4400 | 4400 |
| सोयाबीन | 4000 | 3740 | 4460 |
| गैहु | 3800 | 2500 | 3100 |
| चना | 187 | 6070 | 6800 |
| मसुर | 231 | 5500 | 6085 |
| धनिया | 250 | 4901 | 6851 |
| लहसुन | 12000 | 5000 | 20000 |
| मैथी | 680 | 5201 | 6210 |
| अलसी | 1270 | 5420 | 5910 |
| सरसो | 294 | 4851 | 5252 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 127 | 9500 | 12600 |
| प्याज | 2400 | 1201 | 2771 |
| कलोंजी | 25 | 10400 | 18620 |
| डॉलर | 19 | 10653 | 11200 |
| तिल्ली | 129 | 10491 | 12550 |
| मटरसुखी | 26 | 5360 | 6811 |
| असालीया | 23 | 10050 | 10700 |

# सभी जिलाधिकारी प्राथमिकता के साथ लोगों की समस्याओं को सुनें-कलेक्टर

## कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने जन सुनवाई के दौरान 112 लोगों की समस्याएं सुनी




मंदसौर, 30 जुलाई गुरू एक्सप्रेस। कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ने सुशासन भवन में प्रति मंगलवार आयोजित होने वाली जनसुनवाई में 112 ग्रामीण जनों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर ने जन सुनवाई के दौरान जिला अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष तौर पर सभी अधिकारियों को कहा कि आम लोगों की समस्याओं का पहली प्राथमिकता में समाधान करें तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुने। जन सुनवाई के दौरान नामांतरण, बटवारा, अतिक्रमण, पीएम आवास, आयुष्मान योजना का लाभ लेने इत्यादि प्रकरण के आवेदन आये। जिस पर उन्होंने त्वरित निराकरण करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, सभी जिलाधिकारी, ऑनलाइन वीसी के माध्यम से सभी एसडीएम, तहसीलदार जुड़े थे।

**आयुष्मान कार्ड का लाभ लेने के लिए अस्पताल में भर्ती होने से पूर्व कार्ड दिखाना जरूरी**–आयुष्मान कार्ड का लाभ लेने के लिए मरीज को अनुबंधित अस्पतालों में अपना इलाज प्रारंभ करने से पूर्व कार्ड दिखाना जरूरी है, कार्ड दिखाने के पश्चात अस्पताल की प्रक्रिया शुरू होती है। उसके पश्चात ही आयुष्मान कार्ड से अनुबंधित अस्पताल को भुगतान होता है। इसके साथ ही आयुष्मान कार्ड का लाभ उन अस्पताल में ही मिलता है, जो कि अनुबंधित अस्पताल है। अगर कोई अस्पताल आयुष्मान कार्ड से अनुबंधित नहीं है तो, उन अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड का लाभ नहीं मिलता है। इसलिए इस बात का विशेष तौर पर ध्यान रखना चाहिए कि, अगर आयुष्मान कार्ड का लाभ लेना है तो अनुबंधित अस्पतालों में ही इलाज करना चाहिए।

## तालाब में डूबने से छात्र की मौत

मनासा, 30 जुलाई गुरू एक्सप्रेस। नीमच के मनासा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांव हाडी पिपलिया में तालाब में डूबने से एक 15 वर्षीय छात्र की मौत हो गई। घटना की जानकारी तब हुई जब किसी ने तालाब के किनारे स्कूल ड्रेस चप्पल को पड़ा देखा। साथ ही तालाब में बालक का शव भी तैरता हुआ दिखाई दिया।घटना की जानकारी ग्रामीणों को मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों और परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची।दरअसल, नया मालाहेड़ा निवासी अभिषेक उर्फ रोहित पिता मुरली मेघवाल (15) जो कक्षा 6 टी का छात्र था। सोमवार सुबह घर से स्कूल के लिए निकला आज छात्र काफी खुश भी था। उसे परिजनों ने नई ड्रेस दिलवाई थी जिसे पहनकर वह नजदीकी गांव हाड़ी पिपलिया के शासकीय स्कूल में पढने पहुंचा। हालांकि, दोपहर को लंच-ब्रेक के दौरान छात्र स्कूल से कुछ दूरी पर स्थित तालाब में नहाने चला गया। जहां डूबने से उसकी मौत हो गई।

# राजस्व प्रकरणों का निराकरण कर 24 घण्टे के अंदर आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज करवाएं-संभागायुक्त गुप्ता

## संभागायुक्त गुप्ता ने आगर मालवा जिले में राजस्व अधिकारियों की बैठक में दिये निर्देश



मंदसौर, 30 जुलाई गुरू एक्सप्रेस। राजस्व प्रकरणों का निराकरण कर 24 घण्टे के अंदर आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज करवाएं, यदि पटवारियों द्वारा समयावधि में अमल की कार्यवाही नहीं किए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही करें। यह निर्देश संभागायुक्त श्री संजय गुप्ता ने आगर-मालवा जिले के राजस्व अधिकारियों की कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक लेकर दिए। उन्होंने सख्त हिदायत दी कि यदि तीन दिन से अधिक की अवधि तक निराकरण पोर्टल पर दर्ज नहीं हुआ तो अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में राजस्व न्यायालय वार लंबितनामान्तरण,बंटवारे , डायवर्सन के प्रकरणों की समीक्षा की गई एवं समयावधि में निराकरण कर आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश संभागायुक्त श्री गुप्ता द्वारा राजस्व अधिकारियों को दिए गए।उन्होंने निर्देश दिए कि अविवादित नामान्तरण, बंटवारे के प्रकरणों का निराकरण लोक सेवा गारंटी अधिनियम में नियत समयावधि में करना सुनिश्चित करे, बंटवारे के प्रकरणों मे बटान्कन एवं नक्शा तरमीम आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज कराएं। राजस्व महाअभियान के दौरान शत प्रतिशत प्रकरणों का निराकरण करे। अविवादित नामान्तरण के प्रकरणों मे विज्ञप्ति जारी करने के 15 दिवस की अवधि में कोई आपत्ति नहीं आये तो तत्काल नामान्तरण कर दे, क्रेता-विक्रेता की उपस्थिति राजस्व न्यायालय मे अनिवार्य नहीं है।आरसीएमएस पोर्टल पर अभिलेख दुरुस्ती का काम एसडीएम समयावधि में करे। संभागायुक्त श्री गुप्ता ने निर्देश दिए कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत अधिसूचित सेवाओ मे समयावधि में प्रकरणों का निराकरण किया जाये। राजस्व महाअभियान के तहत किसानों की ईकेवायसी का काम प्राथमिकता से करे, रोजगार सहायक, पटवारी, कोटवार की ड्यूटी लगा कर ईकेवायसी करवाये। किसानों को सूचित कर ईकेवायसी के लिए उपस्थित करवाए। संभागायुक्त श्री गुप्ता ने सहकारिता विभाग के अधिकारी को पैक्स संस्थाओं के माध्यम से लक्ष्य अनुसार किसानों के ईकेवायसी करवाने के निर्देश दिये। ईकेवासी के लिए किसानों को मोबाइल पर मैसेज करे, गांवों में डोन्डी पीटवाकर किसानों को सूचित किया जाए। इस सप्ताह में जिले मे 25 प्रतिशत से अधिक हो ईकेवायसी करवाना सुनिश्चित करे। नक्शा पर तरमीम भी शत-प्रतिशत करें।योजना बना कर योजनाबद्ध तरीके से काम करे। उन्होंने स्वामित्व योजना की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। सायबर तहसील की प्रगति की समीक्षा की गई। संभागायुक्त श्री गुप्ता ने निर्देश दिए कि वरिष्ठकार्यालय से प्राप्त शिकायतों से संबंधित आवेदनों का निराकरण कर जवाब तत्काल भिजवा दे। कलेक्टर श्री राघवेन्द्र सिंह ने बैठक में तहसीलवार राजस्व विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। बैठक में डिप्टी कमिश्नर श्री रणजीत सिंह, डिप्टी कमिश्नर लैण्ड रिकार्ड श्रीमती गरिमा रावत, एडीएम श्री आरपी वर्मा, एसडीएम आगर श्रीमती किरण बरबडे, एसडीएम सुसनेर श्री मिलिन्द ढोके सहित तहसीलदार, नायब तहसीलदार उपस्थित थे।



## विद्यालय परिसर को बनाया कचरा डालने का स्थान, विद्यार्थी परेशान

पिपलियामंडी, 30 जुलाई गुरू एक्सप्रेस। मल्हारगढ जनपद पंचायत के गांव गोपालपुरा शासकीय माध्यमिक विद्यालय के आस-पास रोड़ियों के ढ़ेर व गंदगी से विद्यार्थी व शिक्षक परेशान है, विद्यालय के चारों ओर लोगों ने कचरा डालने व नालियों की निकासी का स्थान बना रखा है, बदबू व मच्छरों की भरमार के चलते विद्यार्थियों को काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है। ग्रामीण मेहरबानसिंह गरासिया, शेतान चोहान, अनिल गरासिया, बबलू चोहान ने बताया बरसात के दिनों में गंदगी से परेशानी ओर बढ़ गई है। कीचड़ पसरा गया है। जिससे डेंगू सहित वर्षाजनित बीमारियों के फैलने की आंशका है। ग्रामीणों ने विद्यालय को गंदगीमुक्त कराने की मांग प्रशासन से की है।

# बारिश: पिछले साल से हुए आगे

## सुबह बादल और बूंदाबांदी, शाम को खुला मौसम

मंदसौर, 30 जुलाई गुरू एक्सप्रेस। पिछले तीन चार दिनों में हुई बारिश ने जिले की औसत बारिश का आधा आंकड़ा पार कर दिया है। जिले में अब तक 16.64 इंच बारिश दर्ज हो चुकी है। यह पिछले वर्ष के मुकाबले 2 इंच अधिक है। जिले की औसत बारिश 33 इंच है। बीते 24 घण्टों में जिले में 210 मिमी औसत बारिश दर्ज की गई। जिले में आज भी कई स्थानों पर बारिश का अनुमान है। सुबह से बादल भी छाए हुए रहे। बीच बीच में बूंदाबांदी का दौर भी चलता रहा। हालांकि शाम को मौसम खुल गया। जिले के औसत की आधी बारिश अब तक हो चुकी है। ओवरऑल जिले में अबतक 423 मिमी औसत बारिश दर्ज की गई है। मौसम जानकारों के अनुसार आज (मंगलवार) से एक और सिस्टम सक्रिय हो रहा है। 31 जुलाई को इसका असर देखने को मिलेगा। मौसम विज्ञान केंद्र भोपाल के वैज्ञानिक प्रकाश दावले ने बताया कि अभी साउथ-ईस्ट मध्यप्रदेश के उप्रर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन एक्टिव है। मानसून ट्रफ गुना, रायसेन, मंडला से होते हुए बंगाल की खाड़ी की ओर जा रही है। दो अन्य सिस्टम भी एक्टिव हैं। इस वजह से बारिश का दौर चल रहा है। 31 जुलाई से स्ट्रॉन्ग एक्टिविटी दिखाई देगी।

**बिजली गिरने के युवक घायल**– सोमवार शाम को जिले के बड़वन फंटे के निकट एक आम के पे? पर बिजली गिरी इस घटना में 17 वर्षीय साहिल पिता महबूब शाह गंभीर घायल हो गया। जिसका उपचार जिला अस्पताल में किया जा रहा है। किशोर बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़ा था। इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरी।

**जिले में कहां-कितनी बारिश**

| | |
|---|---|
| मंदसौर - | 290 मिमी |
| सीतामऊ- | 437 मिमी |
| सुवासरा - | 595 मिमी |
| गरोठ - | 434 मिमी |
| भानपुरा - | 360 मिमी |
| मल्हारगढ - | 225 मिमी |
| धुंधडका - | 376 मिमी |
| शामगढ - | 674 मिमी |
| संजीत - | 371 मिमी |
| कयामपुर - | 400 मिमी |
| भावगढ - | 489 मिमी |

बारिश दर्ज की गई है।

# जनपद पंचायत शिक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

पिपलियामंडी, 30 जुलाई गुरू एक्सप्रेस। शिक्षा समिति की बैठक जनपद पंचायत मल्हारगढ़ में जनपद पंचायत मल्हारगढ के उपाध्यक्ष व शिक्षा समिति के सभापति फकीरचंद धनगर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। शिक्षा समिति के सदस्य कमलेश पाटीदार बालागुड़ा, मानसिंह शक्तावत, शांतिलाल गौवरी की उपस्थिति में शिक्षा विभाग की योजनाओं की समीक्षा संकुलवार सभी संकुल प्राचार्य एवं जन शिक्षकों ने की। विकासखंड शिक्षा अधिकारी बीएल चौहान ने शिक्षा विभाग की हितग्राही योजनाओं एवं विकासखंड के अंतर्गत खोले गए व्यवसायिक कोर्स, आईटी लेब, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए शासन की ओर से स्थापित सीएम राइस विद्यालय की जानकारी दी। बैठक में शिक्षा समिति के सदस्यों ने निर्णय लिया कि विकासखंड के अंतर्गत विद्यालय की सतत मॉनिटरिंग की जाए। शिक्षक विद्यालय समय पर पहुंचे व बच्चों का अध्यापन कार्य सम्पन्न करावें। छात्रों को प्रदान किया जाने वाला एमडीएम मीनू अनुसार प्रदान किया जाए। विकासखंड के अंतर्गत शून्य नामांकन वाली शालाओं के शिक्षकों को आवश्यकता अनुसार सीएम राइस मल्हारगढ में अध्यापन कार्य हेतु निर्देशित करें। अनुपस्थित शिक्षकों का वेतन रोका जावे, उनके विरुद्ध कारवाई हेतु विभाग को अवगत कराया जाए। विकासखंड स्त्रोत समन्वयक शिशिर विजयवर्गीय ने कक्षा 1 से 8 तक नि:शुल्क शिक्षा व छात्रों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। सीएम राइस स्कूल के प्राचार्य अशोक वाघेला ने विद्यालय की व्यवस्था, छात्रों को दी जाने वाली शिक्षा सुविधाओं, बस परिवहन की जानकारी दी। आज शिक्षा समिति के सदस्यों ने सभापति के नेतृत्व में सीएम राइज विद्यालय का अवलोकन किया।



## नप अध्यक्ष ने वाटर फिल्टर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया

गरोठ, 30 जुलाई गुरू एक्सप्रेस। नगर परिषद अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्षद, एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा नगर परिषद कार्यालय के पीछे स्थित वाटर फ़िल्टर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया गया व समय-समय पर साफ-सफाई के निर्देश दिए गए साथ ही पानी का TDS , PH , Water Hardness, Water Alkalinity (क्षारीयता) की लेबोरेटरी में जांच की गई। इस अवसर पर श्री महेश मालवीय उपाध्यक्ष न. प. गरोठ,श्री उमराव सिंह चौहान मंडल अध्यक्ष, श्री सतीश गुजराती पार्षद, श्री अर्जुन बागरी पार्षद, श्री राजू मगर पार्षद, श्री रविन्द्र पूरी पार्षद प्रतिनिधि, श्री धर्मेंद्र शर्मा पार्षद प्रतिनिधि, श्री वीरेन्द्र कुमार मेहता मुख्य नगरपालिका अधिकारी न. प. गरोठ, श्री राहुल गणावा उपयंत्री नगर परिषद गरोठ एवं निकाय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राजस्व महाअभियान के तहत जिले के 16 गांवो में राजस्व शिविरों का आयोजन

नीमच, 30 जुलाई गुरू एक्सप्रेस। कलेक्टर श्री दिनेश जैन के मार्गदर्शन में नीमच जिले में राजस्व विभाग से संबंधित ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए विशेष राजस्व सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत एक अगस्ति 2024 गुरुवार को प्रात: 11 से सायं 4 बजे तक जिले की सभी तहसीलों के 16 ग्रामों में राजस्व अधिकारियों द्वारा विशेष राजस्व शिविर लगाए जाएगें।

अधीक्षक भूअभिलेख नीमच ने बताया, कि गुरूवार एक अगस्त 2024 को राजस्वा महाअभियान के तहत नीमच नगर तहसील के ग्राम बरूखेड़ा व जयसिहपुरा, नीमच ग्रामीण तहसील के ग्राम हनुमतिया रावजी, सेमार्ड़ा, बोरदिया कलां, जीरन तहसील के गाँव पिराना, अरनिया चंदेल, जावद तहसील के ग्राम नागदा, देपालपुरा, मनासा तहसील के ग्राम सेमली आंत्री, गफार्डा एवं भागल, सिंगोली तहसील के ग्राम मनोहरपुरा, सलोदा एवं बोरदिया, रामपुरा तहसील के गॉव लसुड़िया इस्त,मुरार में राजस्वग सेवा शिविर आयोजित किये जा रहे है। कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने अधिकाधिक ग्रामीणों से इन राजस्व सेवा शिविरों में उपस्थित होकर लाभ उठाने का आग्रह किया है। उन्होंने ने सम्बन्धित राजस्व अधिकारियो और पटवारियों को निर्देश दिए है, कि वे कोटवारों के माध्यम से सम्बन्धित गाँवों में शिविरों की सूचना ग्रामीणों और किसानो को उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करे।

## नीमच में रक्त दान शहीदों के नाम महाअभियान 20 सितम्बर को

नीमच, 30 जुलाई गुरू एक्सप्रेस। नीमच जिले में नीमच के शहीदों को समर्पित नीमच में रक्तदान शहीदों के नाम महाअभियान आगामी 20 सितम्बर 2024 को आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री दिनेश जैन के मार्गदर्शन में आयोजित इस रक्त दान महाअभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में पहली बार रक्तदान करने वाले युवाओं को प्रेरित एवं प्रोत्साहित कर, उनसे रक्तदान अभियान में रक्तदान करवाया जाएगा। कलेक्टर ने गत वर्ष के रक्तदान महाअभियान में रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को एस.एम.एस. एवं संदेश भेजकर रक्तदान करने के लिए पंजीयन करवाने का अनुरोध करने के निर्देश भी दिए है। कलेक्टर श्री जैन ने जिले की स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों से भी इस रक्तदान महाअभियान में सहभागी बनने का आव्हान किया है। जिला प्रशासन नीमच ने अपील की है, कि गांव, शहर पहले करें, रक्तदान में सहयोग करें। प्रथम बार रक्तदान कर जीवनदाता बनें। कलेक्टर ने कॉलेज के विद्यार्थियों, युवाओं से प्रथम बार रक्तदान करने का आव्हान किया है। रक्तदान महाअभियान के संबंध में कलेक्टोरेट में मंगलवार को जिला अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रश्मी श्रीवास्तव ने बैठक में रक्तदान महाअभियान की विस्तृत रूपरेखा की जानकारी दी।

## तीस से अधिक धार्मिक पुस्तकें लिख चुके हैं संत विवेकसागर आज पिपलिया में देंगे व्याख्यान

पिपलियामंडी, 30 जुलाई गुरू एक्सप्रेस। बी.ए.पी.एस. स्वामीनारायण संस्था के वरिष्ठसंत अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक स्वामी विवेकसागर 31 जुलाई को एक दिवसीय प्रवास पर पिपलिया आएंगे। हर्निसभाई पटेल ने बताया स्वामी विवेकसागर की स्थिरता दोपहर 12 से 2 व सायं 4 से 6 बजे तक राकेशभाई पटेल के निवास पर रहेगी, जहां वे धर्मावलम्बियों व समाजजनों से मुलाकात करेंगे। सायं 8 से 10 बजे तक पोरवाल धर्मशाला में आयोजित चतुर्मास ज्ञानयज्ञ संत समागम में अपने प्रवचनों में श्रीमद् भागवत् के महत्वपूर्ण संदेशों की विद्वतापूर्ण, मनोरंजक एवं गहन व्याख्या करेंगे। आयोजन समिति सदस्यों ने बताया कि स्वामी विवेकसागर ने 62 वर्ष पूर्व मुंबई से टेक्सटाइल्स इंजीनियर की शिक्षा ग्रहण करने के बाद ही संत योगी महाराज से दीक्षा ग्रहण की थी। दीक्षा ग्रहण करने के पश्चात् उन्होंने देवभाषा संस्कृत में भारतीय सनातन शास्त्रों जैसे उपनिषद, श्रीमद् भागवत, रामायण, महाभारत जैसे शास्त्रों का गहन अध्ययन किया। संत ने 1973 में पीएचडी किया और तीन वर्ष पूर्व उन्हें सोमनाथ संस्कृत यूनिवर्सिटी ने डी-लीट की उपाधि प्रदान की गई। स्वामी विवेकसागर ने 30 से भी अधिक धार्मिक पुस्तकें लिखी। 86 वर्ष की आयु में भी देश विदेश में निरन्तर धर्म का प्रसार कर रहे है, वे 55 देशों की यात्रा कर धार्मिक ग्रंथों पर व्याख्यान दे चुके है।

## लोकायुक्त के चंगुल में फंसा... पेज 1 से जारी

तालान और टीम शामिल रही। बताते हैं कि पूर्व में पंचायत सचिव ने फरियादी से तीन हजार रूपए ले लि थे, बाद में तीन हजार और मांगे थे।

**इनका कहना**–लोकायुक्त उप पुलिस अधीक्षक सुनील तालान ने बताया कि भानपुरा के ढाबा निवासी शिवराज सिंह पिता विजय सिंह ने ग्राम पंचायत धुंआखेड़ी में बाड़े के पट्टे के लिए पंचायत में आवेदन दिया था। ग्राम पंचायत सचिव फूचंद जजावरिया ने फरियादी से पट्टा बनाने के बदले 3 हजार रिश्वत मांगी थी।फरियादी शिवराज सिंह ने इसकी शिकायत 25 जुलाई को उज्जैन लोकायुक्त एसपी अनिल विश्वकर्मा को की थी। शिकायत के बाद ट्रैप प्लान किया गया। उज्जैन लोकायुक्त एएसपी सुनील तालान के साथ 11 सदस्यों की टीम भानपुरा पहुंची। आरोपी सचिव ने फरियादी को भानपुरा के नीमच रोड स्थित रॉयल ढाबे पर रुपए लेकर बुलाया। जैसे ही फरियादी ने पंचायत सचिव को 3 हजार की रिश्वत दी लोकायुक्त की टीम ने उसे पकड़ लिया।


**✻ उठावना ✻**

हमारी बहु ललित कुमार बिसानी (राजू माहेश्वरी) की धर्मपत्नी व गंगासागर बिसानी की भाभी एवं महावीर बिसानी (माहेश्वरी) की पूज्य माताजी प्रवीर की बड़ी मम्मी



श्रीमती पार्वती जी बिसानी का आकस्मिक निधन दिनांक 29/07/2024 सोमवार को हो गया है जिनका उठावना 31/07/2024 बुधवार को दोपहर 2 बजे अजय टॉकिज रोड स्थित श्री रामेश्वरम माहेश्वरी मांगलिक भवन पर रखा है।

**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**
**कैलाश चंद्र, महेन्द्र कुमार, प्रेमनारायण, दिनेश, ओमप्रकाश, रोहितकुमार, शैलेन्द्र कुमार, अशोक कुमार, सुनील कुमार, बिसानी (माहेश्वरी) एवं समस्त बिसानी परिवार**
**फर्म- ✻महावीर इलेक्ट्रीक, मनासा रोड़, पिपलिया मंडी**


# राजस्व अभियान अंतर्गत ग्रामों में आयोजित हो रहे शिविर

मंदसौर, 30 जुलाई गुरू एक्सप्रेस। प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के भूमि रिकॉर्ड को व्यवस्थित करने तथा राजस्व संबंधित विवादों का निराकरण करने के उद्देश्य से राजस्व अभियान का संचालन पूरे प्रदेश में किया जा रहा है। जिसके तहत जिले में राजस्व अभियान अंतर्गत विभिन्न ग्रामों शिविर का आयोजन किया गया । अभियान के दौरान आरसीएमएस पर लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण, नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरूस्ती, नक्शा तरमीम, समग्र ई केवायसी तथा समग्र से खसरे की लिंकिंग, पीएम किसान सैचुरेशन, स्वामित्व, फार्मर रजिस्ट्री, प्रचार-प्रसार, पुरूस्कार की गतिविधियां संचालित की जाएगी। राजस्व महा अभियान के जिले में बी- 1 का वाचन किया गया।




राजस्व महाअभियान अंतर्गत

**आज निम्न गांवों मे लगेगा कैम्प**– अनुविभागीय अधिकारी उपखंड मंदसौर द्वारा बताया गया कि राजस्व महाअभियान (2.0) 31 अगस्त 2024 तक कैम्प आयोजित किये जाएगें। जिसके अंतर्गत हल्के के ग्रामों में बी-1 वाचन, नक्शे में तरमीम, पीएम किसान का सेचुरेशन, समग्र आधार से ई केवायसी, खसरा से समग्र आधार से लिंकिंग, फार्मर रजिस्ट्री का सीमांकन, नामातरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरुस्ती, स्वामित्व योजना, पीएम किसान ई-केवायसी, डीबीटी का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन किया जाना है। जिसके अंतर्गत 31 जुलाई को अचेरी, गुराडियादेदा, बुचाखेड़ी, अचेरा, किटीयानी, कायमखेड़ा, कोलवा, चिपलाना, नेतावलीएवंभोलियामें कैम्प आयोजित किये जाएगें।

## जो शास्त्रों में वैध है वह करों, जो निषेध है वह कभी मत करों-स्वामी सरस्वती

मंदसौर, 30 जुलाई गुरू एक्सप्रेस। श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा मंदसौर पर दिव्य चातुर्मास पूज्यपाद 1008 स्वामी आनन्द स्वरूपानंदजी सरस्वती ऋषिकेश केसानिध्य में चल रहा है। स्वामी जी द्वारा प्रतिदिन प्रात: 8.30 से 10 बजेतक श्रीमद् भागवद् महापुराण के एकादश स्कन्द का का वाचन किया जा रहा है। मंगलवार को धर्मसभा को संबोधित करते हुए स्वामी श्री आनन्द स्वरूपानंदजी सरस्वती ने कहा कि कर्म अच्छे हो या बुरे उनका फल हमें भोगना होता है जो कर्म हमें बंधन में बांधतें हैं वहीं कर्म हमें बंधनों से मुक्त भी करते है। आपने कहा कि शास्त्रों में जो वैध है उसका पालन करें और जो निषेध है उसका पालन मत करों तभी जीवन सफल हो पायेंगा। शास्त्रों में मोह, लोभ, चोरी, गलत भावना को निषेध माना गया है लेकिन हम तो फिर यह सब करते है और इसलिए बुरे कर्मो के भागी बनते है और फिर संतो के पास जाते और कहते है जीवन में समस्याएं बहुत है अरे यदि गलत कर्म करोगे तो फिर अच्छे फल कैसे आयेंगे इसलिए हमेशा सदकर्म करों। स्वामीजी ने धर्मसभा में कहा कि अपनी सत्ता और सम्पत्ति का उपयोग दूसरों के लिए करों स्वयं इसका भोग करों के मत करों लेकिन जरूरतमंदों की सहायत करों जिससे भगवान की कृपा होती है। क्योंकि भगवान ने यदि आपको बहुत सम्पत्ति धन दि तो इसका मतलब यह नहीं कि यह सिर्फ आपके उपयोग की है इसे अन्य में भी बांटों और सदकार्या में लगाओं। स्वामीजी ने बताया कि जिस प्रकार कोई व्यक्ति प्याउ लगाता है और किसी एक व्यक्ति को वहां पानी पिलाने के लिए रखता है तो वह व्यक्ति क्या यह कहता है कि यह सब पानी मेरा सिर्फ में ही पियूंगा वह तो ओर बुला बुलाकर लोगों को पानी पीलाता है उसी प्रकार अपनी सम्म्पति सत्ता का भी सदपयोग करो।

## पुलिस विभाग में कप्तान ने... पेज 1 से जारी

झार्डा, प्रआर .जितेन्द्र द्विवेदी पुलिस लाईन से चौकी झार्डा, प्रआर.भंवरसिंह सिसोदिया थाना गरोठ से यातायात, प्रआर.जहीउद्दीन शेख पुलिस लाईन थाना यशोधर्मन नगर ,सुरेन्द्र सिंह पुलिस लाईन से थाना सुवासरा, कमलेश देतरीया थाना सुवासरा चौकी चंदवासा, अजीत सिंह जाट थाना गरोठ से थाना दलौदा, मुकेश पंड्या नई आबादी से थाना यातायात, विनोद सिंह शामगढ से पिपलियामंडी ,अजय सिंह अफजलपुर से नईआबादी, सुनिता चौधरी नारायणगढ से गाांधीसागर , मनोहर निवेल पुलिस लाईन से थाना यातायात भेजा गया है।

इसी तरह से आरक्षकों में धमेन्द्र पंवार थाना कोतवाली से थाना गरोठ , रामलाल चौहान सुवासरा से रामपुरा , घनश्याम पाटीदार अअपु कार्यालय सीतामऊ से पुलिस लाईन मंदसौर , रणजीतसिंह राठौर थाना गरोठ से थाना मल्हारगढ , नरेन्द्र सिंह मल्हारगढ से भानपुरा, शांतिलाल गुर्जर पिपलियामंडी से भैसोदा मंडी, सेराज खान पुलिस लाईन से अफजलपुर, विक्रम सिंह सुवासरा से सीतामऊ, गजेन्द्र सेन पिपलियामंडी से मल्हारगढ , देवेन्द्र जावरवाल कोतवाली से चौकी मुल्तानपुरा, महिला आरक्षक संगीता डीगा पुलिस लाईन से नारायणगढ , आरक्षक लोकेश अहीर पुलिस लाईन से थाना गांधी सागर , ईश्वर गेहलोद पुलिस लाईन से नाहरगढ , बालकृष्ण बैरागी मल्हारगढ से यशोधर्मन नगर, मनीष कुमार पुलिस लाईन से थाना यातायात , कृष्ण कुमार सिकरवार भानपुरा से पिपलिया मंडी , विजय बावरीया पुलिस लाईन से सुवासरा, राहुल बोरीवाल थाना अजाक से थाना सीतामऊ, मनीष सावलिया पिपलियामंडी से चौकी चंदवासा, रिन्कू सिंह पुलिस लाईन से पिपलियामंडी, शौकीन सावलिया थाना यशोधर्मन नगर से कोतवाली, निलेश कुलमोदिया पुलिस लाईन से अअपु ग्रामीण कार्यालय मंदसौर, महिला आरक्षक अमिशा मीणा थाना शामगढ से थाना पिपलियामंडी , आरक्षक दिनेश सुरावत थाना गरोठ से थाना नाहरगढ़ भेजा गया है।

# अनिराकृत शिकायत पर प्रति शिकायत 500 रूपये अर्थदण्ड वसूला जाएगा-डॉ.प्रसाद

नीमच, 30 जुलाई गुरू एक्सप्रेस। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.दिनेश प्रसाद ने बताया कि आम नागरिकों की शिकायतों का समय-सीमा में समाधानपूर्वक निराकरण करने के लिए 181 सी.एम.हेल्पलाईन व्यवस्था लागू है। जिसमें आम नागरिकों व्दारा अपनी शिकायत दर्ज कराई जा रही है। सीएम हेल्पलाईन के माध्यम से प्राप्ति हो रही शिकायतों के समयावधि में समाधानपूर्वक निराकरण करने के संबंध में शासन व्दारा समय-समय पर निर्देश जारी किए गए है।

सीएम हेल्पलाईन 181 में प्राप्त शिकायतों का समयावधि में निराकरण किए जाने के निर्देशों के उपरांत भी शिकायतें 100 दिवस से अधिक समय अवधि में भी निराकृत नहीं होकर, शिकायतें बिना निराकरण के अगले स्तर(लेवल) पर स्थानांतरित हो रही है, जो कि संबंधित लेवल अधिकारी के पदीय कर्तव्य के प्रति उदासीनता लापरवाही एवं शासन निर्देशों के उल्लंघन को दर्शाता है। डॉ.दिनेश प्रसाद ने निर्देश दिए है, कि भविष्य में यदि कोई भी शिकायत बिना निराकरण दर्ज किए (अनिराकृत शिकायत, नॉट अटेण्ड) अगले स्तर (लेवल) पर स्थानांतरित होती है, तो संबंधित अधिकारी पर प्रति शिकायत 500/- पॉच सौ रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया जावेगा। अर्थदण्ड की राशि संबंधित अधिकारी से वसूल की जावेगी। उक्त आदेश तत्कादल प्रभाव से प्रभावशील होगा।


**राजकुमार गुप्ता, एडव्होकेट**

कार्यालय व निवास-207 तिरूपति नगर, होटल सम्राट के सामने पानी की टंकी के पास स्टेशन रोड, मंदसौर (मप्र)-458001Mobile No-98260-58658 E-Mail-rkguptamds@gmail.com

क्रमांक 56/2024 दिनांक 28.07.2024

**✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻**

**सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा ब्रजराजसिंह पिता गंगासिंहजी चुण्डावत, जाति राजपूत, निवासी ग्राम कचनारा, तहसील सीतामऊ, जिला मंदसौर से आवासीय मकान क्रमां क 99, पता-ग्राम कचनारा, पटवारी हल्का नं. 00005, तहसील सीतामऊ जिला मंदसौर उनके हक और हिस्से का स्वत्वः त्याग विधिवत रजिस्टर्ड, स्वत्व त्याग विलेख ई-पंजीकरण क्रमांक एमपी 2494120230 12385272, दिनांक 20.09.2023से मेरे पक्षकार कृष्णाकुंवर पति ब्रजरामसिंह चुण्डावत, जाति राजपूत, निवासी ग्राम कचनारा, तहसील सीतामऊ, जिला मंदसौर के पक्ष में उप पंजी कार्यालय सीतामऊ में करवाया गया है। उक्त मकान की चतुर्सीमा व पैमाईश निम्नानुसार है- पूर्व में-विजयसिंह का मकान, पश्चिम में-रास्ता व कैलाश भावसार का मकान, उत्तर में-आम रास्ता, दक्षिण में-रामेश्वर विश्वकर्मा का मकान, पैमाईश रकबा-1002 वर्गफीट या 93.08 वर्गमीटर।**

**उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकार द्वारा INDIAN SHELTER FINANCE, CORPORATION LIMITED, Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है, यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार बोझ आदि उक्त सम्पत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करे, वरना बाद गुजरने, मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी जो सूचित हो।**

भवदीय
राजकुमार गुप्ता, एडवोकेट मन्दसौर


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है।
फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in